# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Inaugural Session -**
**"One Week Life Skills Training on Executive Development in the New Normal"**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 13-09-2022**

# हकेवि में जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

■ आगामी 16 सितम्बर तक चलेगा कार्यक्रम

नीरज कौशिक



**महेंद्रगढ़।** PHOTO-2022-09-12-17-43-56 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में एक सप्ताह तक चलने वाले जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज दिनांक 12 सितम्बर हो हुआ।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए तथा प्रतिष्ठित परामर्श विशेषज्ञ, मनोवैज्ञानिक और शांति कार्यकर्त्ता डॉ. सुमित दत्ता ने विशेषज्ञ के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जीवन कौशल के महत्व और उपादेयता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना, दीप प्रज्जवलन और विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। इसके पश्चात मनोविज्ञान विभाग की सह अचार्य व कार्यक्रम की आयोजक डॉ. पायल चंदेल ने अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण विभाग के विभागाध्यक्ष व कार्यक्रम के संयोजक डॉ. वी. एन. यादव ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जीवन कौशल के महत्व और उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें शुरूआत से ही बच्चों को लाइफ स्किल्स सीखाने चाहिए। छोटे-छोटे काम बच्चों को सौंपकर उनमें आत्मविश्वास व उत्तरदायित्व की भावना का विकास किया जा सकता है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. सुमित दत्ता ने एक लघु नाटक के माध्यम से जीवन कौशल की उपयोगिता को बताया। उन्होंने कहा कि जीवन कौशल की शिक्षा परेशानियों से जूझने और संघर्ष करने का हौसला देती है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बहुत जरूरत है। कार्यक्रम में उपस्थित पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. आर.एन. यादव ने विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को अपने द्वारा लिखित पुस्तक पर्यावरण विज्ञान भी भेंट की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठता, विभागाध्यक्ष, प्रभारी, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन मनोविज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. प्रदीप कुमार ने ज्ञापित किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 13-09-2022**

कार्यक्रम

**हकेंवि में जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरूआत, जीवन कौशल के महत्व पर 16 तक चलेगा कार्यक्रम**

# 'बच्चों को काम सौंपने से बढ़ता है उनका आत्मविश्वास'

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय(हंकेवि) में एक सप्ताह तक चलने वाले जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए तथा प्रतिष्ठित परामर्श विशेषज्ञ, मनोवैज्ञानिक और शांति कार्यकर्त्ता डॉ. सुमित दत्ता ने विशेषज्ञ के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जीवन कौशल के महत्व और उपादेयता पर प्रकाश डाला। मनोविज्ञान विभाग की सह अचार्य व कार्यक्रम की आयोजक डॉ. पायल चंदेल ने अतिथियों व प्रतिभागियों का सम्मान किया। कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण विभाग के विभागाध्यक्ष व कार्यक्रम के संयोजक डॉ. वीएन यादव ने प्रस्तुत किया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हमें शुरूआत से ही बच्चों को लाइफ स्किल्स सीखाने चाहिए। छोटे-छोटे काम बच्चों को सौंपकर उनमें आत्मविश्वास व उत्तरदायित्व की भावना का विकास किया जा सकता है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. सुमित दत्ता ने एक लघु नाटक के माध्यम से जीवन कौशल की उपयोगिता को बताया। विशिष्ट अतिथि व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बहुत जरूरत है।

पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. आरएन यादव ने विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को अपने द्वारा लिखित पुस्तक पर्यावरण विज्ञान भी भेंट की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठता, विभागाध्यक्ष, प्रभारी, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन मनोविज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. प्रदीप कुमार ने ज्ञापित किया।



कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को स्मृति चिह्न भेंट करते डॉ. वीएन। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 13-09-2022**

# जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम जरूरी

## हकेंवि में आयोजित कार्यक्रम को कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया संबोधित

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में एक सप्ताह तक चलने वाले जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। प्रतिष्ठित परामर्श विशेषज्ञ, मनोवैज्ञानिक और शांति कार्यकर्ता डा. सुमित दत्ता ने विशेषज्ञ के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जीवन कौशल के महत्व और उपादेयता पर प्रकाश डाला। मनोविज्ञान विभाग की सह आचार्या व कार्यक्रम की आयोजक डा. पायल चंदेल ने अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण विभाग के विभागाध्यक्ष व कार्यक्रम के संयोजक डा. वीएन यादव ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जीवन कौशल के महत्व और उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें शुरुआत से ही बच्चों को लाइफ स्किल्स सिखाने चाहिए।



हकेंवि में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार (मध्य में) को स्मृति चिह्न भेंट करते डा. वीएन. यादव • सौ. संस्था

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित डा. सुमित दत्ता ने एक लघु नाटक के माध्यम से जीवन कौशल की उपयोगिता को बताया। उन्होंने कहा कि जीवन कौशल की शिक्षा परेशानियों से जूझने और संघर्ष करने का हौसला देती है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बहुत जरूरत है। कार्यक्रम में उपस्थित पर्यावरण विज्ञानी डा. आरएन यादव ने विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को अपने द्वारा लिखित पुस्तक पर्यावरण विज्ञान भी भेंट की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठता, विभागाध्यक्ष, प्रभारी, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन मनोविज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डा. प्रदीप कुमार ने ज्ञापित किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 13-09-2022**

# हकेंवि में जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत

महेंद्रगढ़, 12 सितम्बर (मोहन, परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में एक सप्ताह तक चलने वाले जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 12 सितम्बर हो हुआ।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए तथा प्रतिष्ठित परामर्श विशेषज्ञ, मनोवैज्ञानिक और शांति कार्यकर्त्ता डॉ. सुमित दत्ता ने विशेषज्ञ के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जीवन कौशल के महत्व और उपादेयता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना, दीप प्रज्वलन और विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। इसके पश्चात मनोविज्ञान विभाग की सह अचार्य व कार्यक्रम की आयोजक डॉ. पायल चंदेल ने अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण विभाग के विभागाध्यक्ष व कार्यक्रम के संयोजक डॉ. वी.एन. यादव ने प्रस्तुत किया।



*कार्यक्रम में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट करते डॉ. वी.एन. यादव।*

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जीवन कौशल के महत्व और उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें शुरूआत से ही बच्चों को लाइफ स्किल्स सिखाने चाहिएं। छोटे-छोटे काम बच्चों को सौंपकर उनमें आत्मविश्वास व उत्तरदायित्व की भावना का विकास किया जा सकता है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. सुमित दत्ता ने एक लघु नाटक के माध्यम से जीवन कौशल की उपयोगिता को बताया। उन्होंने कहा कि जीवन कौशल की शिक्षा परेशानियों से जूझने और संघर्ष करने का हौसला देती है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों की वर्तमान परिपेक्ष्य में बहुत जरूरत है। कार्यक्रम में उपस्थित पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. आर.एन. यादव ने विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को अपने द्वारा लिखित पुस्तक पर्यावरण विज्ञान भी भेंट की।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, प्रभारी, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन मनोविज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. प्रदीप कुमार ने ज्ञापित किया।